कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश, गॉर्टन कैसल
शिमला - 171 003

Office of the Principal Accountant General (Audit)
Himachal Pradesh,
Gorton Castle, Shimla-171 003

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

**परिपत्र (प्रशासन)**

**विषय: इस कार्यालय के खेल एवं मनोरंजन क्लब में निर्वाचित पद धारण किए जाने के संबंध में।**

सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरणों पर विचार करने के उपरांत, इस कार्यालय के खेल एवं मनोरंजन क्लब में वर्तमान कार्यकारिणी, जिसमें विभिन्न उप-समितियों/क्लबों के पदाधिकारी/सदस्य तथा Sports Secretary शामिल हैं, को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।

2. तदनुसार, वर्तमान कार्यकारिणी के अंतर्गत संबंधित पदाधिकारियों/सदस्यों द्वारा धारण किए गए निर्वाचित पदों को मान्यता प्रदान नहीं की जाती है तथा उक्त पदों पर उनका पदधारण तत्काल प्रभाव से समाप्त माना जाएगा।

3. वर्तमान कार्यकारिणी के स्थान पर खेल एवं मनोरंजन क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन प्रचलित नियमों/निर्देशों के अनुसार तथा सक्षम प्राधिकारी की **पूर्व स्वीकृति** प्राप्त करने के उपरांत ही किया जाएगा।

4. नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु आवश्यक नामांकन/अनुमति/प्रस्ताव तथा अन्य अपेक्षित कार्यवाही नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाएगी। भविष्य में खेल एवं मनोरंजन क्लब अथवा उसकी किसी उप-समिति/क्लब में कोई निर्वाचित पद धारण करने से पूर्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी से नियमानुसार **पूर्व अनुमति (Prior Permission)** प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

5. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

**प्राधिकार:** प्रधान महालेखाकार महोदय के आदेश दिनांक 12.08.2026

Digitally signed by
Rajwant Kaur
Date: 07-09-2026
15:06:27

**उप महालेखाकार (प्रशासन)**

No. Admn./Audit/NOC/Intimation/2025-27/ I/1596225/2026 दिनांक:07-09-2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:

1. सचिव, प्रधान महालेखाकार |
2. निजी सचिव, सभी समूह अधिकारी |
3. कल्याण अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु |
4. सम्बंधित अधिकारी/ कर्मचारी (ई मेल द्वारा) |

*हस्ता* /-

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)**

Phone: +91-177-2652607 E-mail: agauhimachalpradesh@cag.gov.in